# न्यायालय अनुमंडल दण्डाधिकारी, बगोदर–सरिया

**तबस्सुम खातुन** बनाम् **नसीमा खातुन वगै0**

**विविध वाद संख्या –54/2024**

**U/S – 144 Cr.P.C.**

| आदेश की क्र0सं0 और तिथि | पदाधिकारी का आदेश एवं हस्ताक्षर | आदेश पर की गई कार्यवाई के बारे में टिप्पणी तारीख सहित |
|---|---|---|

प्रथम पक्षः–

1. तबस्सुम खातुन, पति – गुलाम मोहम्मद,
साकिन – केशवारी, थाना– सरिया, जिला– गिरिडीह।

**बनाम्**

द्वितीय पक्षः–

1. नसीमा खातुन, पति – सहादत अंसारी,
2. खाताामा खातुन, पति – खलील अंसारी,

सभी साकिन– केशवारी, थाना – सरिया, जिला– गिरिडीह।

## आदेश

इस वाद की कार्यवाही आवेदक के आवेदन पत्र एवं थाना प्रभारी, सरिया के जाँच प्रतिवेदन के अवलोकन करने के पश्चात प्रारंभ की गई। वाद की कार्यवाही प्रारंभ कर दोनों पक्षों को विवादित भूमि पर जाने से रोक लगाते हुए अपने–अपने दावे के समर्थन में कारण–पृच्छा की माँग की गई।

**विवादित भूमि की विवरणी**

| मौजा | खाता सं0 | प्लॉट सं0 | रकवा | चौहदी |
|---|---|---|---|---|
| केशवारी | 06 | 1751 | 08 डी0 | उ0– महावीर राणा, द0– रोजन मियां, पु0– दिल मोहम्मद, प0– नकुल राणा वगै0। |

इस न्यायालय से निर्गत नोटिस प्राप्त करने के पश्चात् उभय पक्ष/उनके विद्वान अधिवक्ता न्यायालय में उपस्थित हुए तथा अपने–अपने दावे के समर्थन में लिखित कथन एवं राजस्व दस्तावेज समर्पित किये।

### प्रथम पक्ष

**प्रथम पक्ष के द्वारा दिनांक 19.03.2024 को लिखित आवेदन के साथ निम्नलिखित दस्तावेज समर्पित किया गया, जो अभिलेख में संलग्न हैं :–**

1. लिखित आवेदन – कुल 03 पृष्ठ, **प्रदर्श A-1**
2. कुंजो मियां वगै0 के नाम से आफलाईन खतियान की छायाप्रति, कुल – 07 पृष्ठ, **प्रदर्श A-2**
3. कुंजो मियां वो भेरो मियां के नाम से ऑनलाईन लगान रसीद की छायाप्रति, कुल – 01 पृष्ठ, **प्रदर्श A-3**
4. तबस्सुम खातुन के आधार कार्ड की छायाप्रति, कुल – 01 पृष्ठ, **प्रदर्श A-4**

### द्वितीय पक्ष

द्वितीय पक्ष के द्वारा, दिनांक– 15.06.2024 को न्यायालय में उपस्थित होकर, अपने दावे के समर्थन में लिखित कारण–पृच्छा सहित निम्न कागजातों की छायाप्रति दाखिल किया गया, जो अभिलेख में संलग्न है।

अनुमण्डल दण्डाधिकारी
सरिया (गिरिडीह)

Scanned with CamScanner

1. लिखित कारण–पृच्छा – कुल 03 पृष्ठ, **प्रदर्श B-1**
2. कुंजो मियां वगै0 के नाम से ऑफलाईन खतियान की छायाप्रति – कुल 01 पृष्ठ, **प्रदर्श B-2**
3. दिनांक – 17.03.2024 का नक्शा एवं फैसला की छायाप्रति – कुल 02 पृष्ठ, **प्रदर्श B-3**
4. दिनांक – 20.03.2024 में फैसले की छायाप्रति – कुल 01 पृष्ठ, **प्रदर्श B-4**

## थाना सरिया का प्रतिवेदन –

**थाना प्रभारी, सरिया का ज्ञापांक– 713 दिनांक – 09.04.2024 कुल – 01 पृष्ठ ( प्रतिवेदन – 01 पृष्ठ) – प्रदर्श C-1**

## विष्लेषण एवं निष्कर्ष

उभय पक्षों के द्वारा दाखिल कथन/कारण –पृच्छा, राजस्व दस्तावेज एवं थाना के प्रतिवेदन का अवलोकन करने पर यह स्पष्ट होता है कि –

1. विवादित भूमि का विवरण निम्न प्रकार है :–

| मौजा | खाता सं0 | प्लॉट सं0 | रकवा | चौहद्दी |
|---|---|---|---|---|
| केशवारी | 06 | 1751 | 08 डी0 | उ0– महावीर राणा, द0– रोजन मियां, पु0– दिल मोहम्मद, प0– नकुल राणा वगै0। |

2. उक्त विवादित भूमि, खाता नं0 – 06, खतियान में कुंजो मियां वगै0 के नाम पर दर्ज है।
3. प्रथम पक्ष का कहना है कि उक्त विवादित भूमि खतियान में प्रथम पक्ष के परदादा ससुर कुंजो मियां वगै0 के नाम पर दर्ज है तथा अंचल सरिया, मौजा – केशवारी के पंजी II, भोलूम नं0 1, पेज नं0 – 35 पर जमाबंदी कायम होकर लगान रसीद निर्गत हो रहा है, तथा प्रथम पक्ष के द्वारा अपने बात के समर्थन में ऑफलाईन खतियान की छायाप्रति, ऑफलाईन एवं ऑनलाईन लगान रसीद की छायाप्रति संलग्न की गई है।
4. द्वितीय पक्ष का कहना है कि विवादित भूमि रैयती खाता की भूमि है तथा खतियान में कुंजो मियां वगै0 के नाम से दर्ज है, तथा उभय पक्ष खतियानी रैयत के वंशज हैं, तथा खतियानी बंटवारा के अनुसार उक्त विवादित प्लॉट में उभय पक्ष का हिस्सा 2.33 डी0 – 2.33 डी0 होता है तथा उभय पक्ष अपने – अपने हिस्से पर कायम काबिज है, अतः प्रथम पक्ष के द्वारा मुकदमा दायर करना उचित नहीं है।

**चूँकि दोनों पक्ष खतियानी रैयत के वंशज हैं, तथा दोनों पक्ष के बीच हक – हकीयत को लेकर विवाद है जो कि इस न्यायालय के क्षेत्राधिकार से बाहर है।**

**अतः उभय पक्ष सक्षम न्यायालय में जा सकते हैं।**

उभय पक्ष को आदेश से अवगत करायें।

कानुन व्यवस्था संधारण हेतु आदेश की प्रति थाना एवं अंचल कार्यालय को भेजें।

इसके साथ ही वाद को समाप्त घोषित किया जाता है।

लेखापित एवं संशोधित।

15.06.2024

अनुमंडल दण्डाधिकारी
बगोदर–सरिया (गिरिडीह)
बगोदर–सरिया।

15.06.2024

अनुमंडल दण्डाधिकारी
अनुमंडल दण्डाधिकारी
बगोदर–सरिया (गिरिडीह)
बगोदर–सरिया।

Digitally signed by BIPIN KUMAR DUBEY
Date: 2024.06.22 11:03:25 +05:30
Location: 192.168.1.3

Scanned with CamScanner